# टोडाभीम से हथियारों की खेप लेकर जयपुर पहुंचा शातिर तस्कर गिरफ्तार

## पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 7 देशी पिस्टल और 14 मैगजीन बरामद की

**जयपुर** (कासं)। पुलिस कमिश्नरेट की सी.एस.टी. टीम ने 7 देशी पिस्टल और 14 मैग्जीन के साथ शातिर हथियार तस्कर को गिरफ्तार किया है। टोडाभीम (करौली) के तस्करों ने जयपुर में डिलीवरी के लिए यह हथियार भेजे थे। पुलिस की गिरफ्त में आए तस्कर के मोबाइल पर हथियार लेने वाले लोगों के नंबर और लोकेशन आनी थी, लेकिन पुलिस ने उसे पहले ही पकड़ लिया।

जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज

- **जयपुर में रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा है हथियार तस्कर**
- **अब पुलिस अवैध हथियार बेचने और खरीदने वाले लोगों की जानकारी खंगालने में जुटी**

जोसफ ने बताया कि सुखदेव सिंह गोगामेड़ी हत्याकांड के बाद जयपुर में हथियार तस्करी करने वालों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए थे। सी.एस.टी. के एएसआई महिपाल सिंह और कॉन्स्टेबल देवकरण को जानकारी मिली कि एक आरोपी संजय मीणा (27) पुत्र श्रीमन मीणा निवासी गांव नांद कला, टोडाभीम (करौली) हथियार लेकर जयपुर पहुंच रहा है। इस पर पुलिस टीम ने आरोपी को पकड़ा और हथियार बरामद किए।

आरोपी ने पूछताछ में बताया कि हथियार तस्कर संजय मीणा जगतपुरा में रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा है। टोडाभीम (करौली) से लालाराम और कमल ने यह हथियार संजय को दिए थे।

इसमें 7 पिस्टल और 14 खाली मैग्जीन थी। संजय मीणा के जयपुर पहुंचकर लालाराम को मैसेज करना था कि वह जयपुर पहुंच गया है। इसके बाद लालाराम हथियारों की सप्लाई किसने करनी है उनके नंबर और लोकेशन भेजता। टोडाभीम से जयपुर तक हथियार तस्करी कर लाने और डिलीवरी देने पर संजय को प्रति पिस्टल के 5 हजार रुपए के हिसाब से कुल 35 हजार रुपए दिए गए थे। पुलिस अब आरोपी को हथियार देने वाले लालाराम और कमल के बारे में जानकारी जुटाने के साथ ही उनकी तलाश कर रही है। इसके साथ ही यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि यह हथियार जयपुर में किन लोगों को सप्लाई किए जाने थे।


**पुलिस कमिश्नरेट की स्पेशल टीम ने 7 देशी पिस्टल और 14 मैग्जीन के साथ शातिर हथियार तस्कर को गिरफ्तार किया।**

## युवक का मोबाइल छीना

**जयपुर** । खोह नागोरियान थाना इलाके में बाइक सवार बदमाश दिन-दहाड़े एक युवक का मोबाइल छीन कर ले गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनाक्रम की जानकारी लेकर इलाके में नाकाबंदी भी करवाई,लेकिन मोबाइल स्नैचरों को सुराग नहीं लग पाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुटी है। पुलिस ने बताया कि प्रेम शर्मा निवासी तिरूपति नगर ने मामला दर्ज करवाया है कि वह 12 दिसम्बर को सीबीआई फाटक के पास बैठ कर अपना मोबाइल फोन देख रहा था। इस दौरान पीछे से बाइक सवार तीन युवक आए और उसके हाथ पर झपट्टा मार कर फोन छीन ले गए। पीड़ित ने शोर मचाते हुए उनका पीछा भी किया,लेकिन बाइक सवार बदमाश तेजी से बाइक को दौड़ते हुए गलियों से ओझल हो गए।

## जेकेके में मांडणा कार्यशाला शुरू

**जयपुर**, (कासं)।जवाहर कला केन्द्र की ओर से आयोजित पांच दिवसीय मांडणा कार्यशाला का बुधवार को शुभारंभ हुआ। संजय सेठी और मनोज प्रजापति के निर्देशन में 80 से अधिक प्रतिभागी इसमें प्रशिक्षण ले रहे हैं। मांडणा राजस्थान की पारंपरिक लोक कला है। गांवों में महिलाएं लोक गीत गाते हुए मांडणा बनाया करती हैं। शिल्पग्राम में ऐसा ही दृश्य साकार हुआ जब महिला कलाकारों ने लोक गीत गाए और प्रशिक्षक ने उसके अनुरूप मांडणा बनाया। इस मौके पर जवाहर कला केन्द्र की अति. महानिदेशक प्रियंका जोधावत ने कहा कि इस कार्यशाला के जरिए हम हमारी जड़ों से जुड़ रहे हैं। प्रशिक्षक संजय सेठी ने कहा कि लुप्त होती मांडणा कला को बचाने के लिए हम सभी को आगे आना होगा।

## सार-समाचार

### सर्व ब्राह्मण समाज ने दी सी.एम. को बधाई



**जयपुर**, (कासं)। सर्व ब्राह्मण समाज राजस्थान की कोर कमेटी की बैठक बुधवार को सीकर रोड स्थित प्रधान कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रदेशाध्यक्ष अंबिका प्रकाश पाठक ने राजस्थान में भजनलाल शर्मा के मुख्यमंत्री बनाए जाने पर हर्ष व्यक्त किया और कहा कि राजस्थान में 33 साल के अंतराल के बाद भाजपा ने ब्राह्मण समाज के व्यक्ति को सीएम की कुर्सी सौंपी है। इसके लिए उन्होंने भाजपा के केन्द्रीय नेतृत्व के साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह का आभार जताया।

### ठाकुरजी की मूर्ति समेत हजारों रु.चोरी

**जयपुर** । खोह नागोरियान थाना इलाके में चोरों ने एक मंदिर को निशाना बनाते हुए वहां से ठाकुरजी की मूर्ति सहित हजारों रुपये की नकदी चोरी कर फरार हो गए। वारदात का पता चलने सेवा-पूजा करने वाले पुजारी की ओर से मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। पुलिस ने बताया कि लाल चंद शर्मा निवासी नया मीणा की ढाणी बसंत विहार कॉलोनी ने मामला दर्ज करवाया है कि इंदिरा गांधी नगर में ठाकुर जी का मंदिर है। जहां वह सेवा-पूजा करता है और रोज की तरह 11 दिसम्बर की सुबह सेवा पूजा के लिए मंदिर आया तो देखा कि मंदिर के ताले टूटे हुए थे और मंदिर से ठाकुर जी की मूर्ति गायब मिली। इसके अलावा मंदिर से कलश, सामान व बीस हजार रुपये की नकदी भी गायब मिलने पर पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनाक्रम की जानकारी लेकर जांच में जुट गई।

### विवाहिता के फोन पर अभद्र मैसेज भेजे

**जयपुर** । सुभाष चौक थाना इलाके में एक विवाहिता के मोबाइल पर एक व्यक्ति द्वारा बार-बार फोन करने और अभद्र मैसेज करने का मामला दर्ज किया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। जांच अधिकारी एएसआई रामेश्वर लाल ने बताया कि सुभाष चौक निवासी 25 वर्षीय महिला ने मामला दर्ज करवाया है कि उसके मोबाइल नंबर पर राजू प्रजापति नाम का एक व्यक्ति बार-बार फोन करके परेशान कर रहा है। मना करने के बाद भी वह अश्लील मैसेज भेजकर परेशान कर रहा है। पुलिस ने आरोपी राजू प्रजापति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए उसके संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है लेकिन राजू प्रजापति अभी फरार है। पुलिस का कहना है कि इस मामले में जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## मैरिज गार्डन से जेवरातों से भरा बैग चोरी

**जयपुर** । हरमाडा थाना इलाके में मैरिज गार्डन से सोने-चांदी के जेवरात सहित नगदी से भरा बैग चोरी हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर तलाश में जुटी है। जांच अधिकारी हेड कांस्टेबल रामनिवास ने बताया कि जनता कॉलोनी आदर्श नगर निवासी सन्तोष शर्मा पत्नी डॉ निरंजन कुमार शर्मा ने मामला दर्ज करवाया है कि ग्यारह दिसम्बर को परिवार का शादी समारोह का कार्यक्रम थाना इलाके के सीतावाली फाटक स्थित रंगमहल गार्डन में चल रहा था। मैरिज गार्डन के चल रहे हॉल में कार्यक्रम में कुछ देर के लिए उन्होंने बैग रख रखा था और इसके बाद से बैग गायब हो गया। अचानक बैग गायब होने पर हंगामा मच गया। इधर-उधर तलाशने के बाद भी बैग के बारे में जानकारी नहीं मिली। बैग चोरी होने का पता चलने पर पीड़िता ने थाने में मामला दर्ज करवाया। वारदात के दौरान बैग में 13 से 15 हजार रुपए, गिफ्ट लिफाफे और अन्य कीमती सामान रखे थे। पुलिस ने मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर रही है।

## 'सामाजिक क्षेत्र में डिजिटल क्रांति' पुस्तक राज्यपाल मिश्र को भेंट

**जयपुर** । सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के शासन सचिव डॉ. समित शर्मा ने राज्यपाल महोदय कलराज मिश्र से शिष्टाचार भेंट कर अपने द्वारा सामाजिक क्षेत्र में डिजिटल क्रांति पर लिखित पुस्तक भेंट की। पुस्तक में ई-गवर्नेंस का उपयोग कर आमजन के जीवन को आसान बनाने सम्बन्धी जानकारियों को सटीक और सरल भाषा में बताया गया है।

डॉ. शर्मा द्वारा पुस्तक के सम्बन्ध में राज्यपाल को अवगत कराया गया कि डिजिटलाईजेशन के इस युग में सामाजिक सुरक्षा एवं समाज कल्याण के इस क्षेत्र में सूचना प्रौद्योगिकी का उपयोग सुशासन के लिए करने सम्बन्धी जानकारियों को इस पुस्तक में 30 विभिन्न नवाचारों के माध्यम से दर्शाया गया है। उन्होंने बताया कि लाभार्थियों तक लोक सेवाओं की पहुंच को सुनिश्चित करने, प्रक्रिया सरल बनाने, बाधा मुक्त वातावरण में, भ्रष्टाचार रहित तरीके से गुणवत्तापूर्ण एवं संतोषजनक सेवाएं तत्काल उपलब्ध कराने हेतु विभिन्न सफल तकनीकों का उल्लेख इस पुस्तक में किया गया है।


**सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के शासन सचिव डॉ. समित शर्मा ने बुधवार को राज्यपाल कलराज मिश्र से शिष्टाचार मुलाकात कर अपनी पुस्तक भेंट की।**

## नाबालिग से दो युवकों ने की छेड़छाड़

**जयपुर** । शिवदासपुरा थाना इलाके में एक नाबालिग लड़की से दो युवकों द्वारा छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है। पीडिता का आरोप है कि जब उसने विरोध किया तो आरोपित युवकों ने किसी को कुछ बताने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपित युवकों के खिलाफ छेड़छाड़, धमकाने सहित पॉक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि 14 वर्षीय नाबालिग किशोरी ने मामला दर्ज करवाया है कि उसके फ्लैट में रहने वाले युवक लक्की और उसके एक अन्य साथी ने उसे जबरन फ्लैट की सीढ़ियों से हाथ पकड़कर छत पर ले गए और उसके साथ छेड़छाड़ की। यही नहीं आरोपी युवकों ने उसकी एक फोटो भी खींची। आरोपियों ने इस बारे में किसी को कुछ बताने पर जान से मारने की धमकी दी। नाबालिग ने खुद के साथ हुई इस घटना को परिवार को बताया। जिसके बाद परिजन नाबालिग लड़की को लेकर थाने पहुंचे। मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल प्रभाव से पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया गया हैं दोनों ही लड़कों की तलाश की जा रही है।

## जिला न्यायालय परिसर पहुंची महापौर



**हैरिटेज महापौर मुनैश गुर्जर ने बुधवार को बनीपार्क स्थित जिला न्यायालय परिसर में जन सहभागिता से सफाई अभियान की शुरुआत की। गुर्जर के पहुंचने से पहले युद्ध स्तर पर सफाई कर्मचारी कार्य में जुटे हुए थे। हूपर, ट्रेक्टर, लोडर ट्रक कचरा उठा रहे थे। बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने न्यायालय परिसर में सफाई करवाने और डस्टबिन रखवाने के लिए महापौर से आग्रह किया। मुनेश गुर्जर ने उपायुक्त स्वास्थ्य नूर मोहम्मद को निर्देश दिए कि यहां आवश्यकतानुसार डस्टबिन रखवा दिये जायें। इस अवसर पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नरेंद्र खत्री, दीप्ति श्रीवास्तव, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पवन शर्मा, सिविल लाइन जोन उपायुक्त करतार सिंह, उपायुक्त स्वास्थ्य नूर मोहम्मद सहित अनेक अधिवक्ता मौजूद थे।**

## 15 बीघा कृषि भूमि पर बसाई गई चार अवैध कॉलोनियां ध्वस्त की जे.डी.ए. ने

### काश्तकारों ने न तो भूमि का रूपांतरण कराया और न ही कॉलोनी काटने के लिए जे.डी.ए. प्रशासन से कोई निर्माण स्वीकृति ली थी


**जे.डी.ए. की प्रवर्तन टीम ने बुधवार को शहर में चार जगहों पर कृषि भूमि पर काटी जा रही अवैध कॉलोनियों को खुर्द-बुर्द किया।**

**-कार्यालय संवाददाता-**

**जयपुर** । जयपुर विकास प्राधिकरण (जे.डी.ए.) के प्रवर्तन दस्ते ने बुधवार को राजधानी जयपुर में 15 बीघा जमीन पर काटी जा रही 4 अवैध कॉलोनियों को खुर्द-बुर्द किया। यह अवैध कॉलोनी इकोलॉजिकल जोन समेत कृषि भूमि पर बिना जेडीए प्रशासन की अनुमति काटी जा रही थी।

मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन धर्मेन्द्र यादव ने बताया कि जोन-13 में सांभारियां रोड पर 5 बीघा कृषि भूमि पर अवैध कॉलोनी काटकर रातोंरात मिट्टी-ग्रेवल रोड, प्लॉट्स की बाउंड्रीवाल व अन्य निर्माण कर लिए गए थे। पूर्व में भी जेडीए टीम ने यहां अवैध निर्माण रूकवाया था, इसके बावजूद काश्तकार और बिल्डरों की मनमानी नहीं थमी। बुधवार को जेसीबी मशीन की मदद से तमाम अवैध निर्माण ध्वस्त किए।

इसी प्रकार जोन-10ए ईकोलोजिकल जोन में नाई की थड़ी लालबास में 4 बीघा कृषि भूमि पर भी अवैध कॉलोनी "इमरान नगर" को पूर्व में भी ध्वस्त किया गया था। इसके बावजूद बिल्डर और काश्तकारों ने यहां लगातार निर्माण कार्य चलाकर रातों-रात मिट्टी-ग्रेवल सडकें, प्लाट बाउंड्रीवाल और अन्य निर्माण कर लिए थे। इन सभी अवैध निर्माणों को भी जेडीए टीम ने ध्वस्त किया। इसी तरह पशु हटवाड़ा रोड, नाई की थड़ी पर 2 बीघा कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन एक और कॉलोनी बसाई गई थी, उसे भी ध्वस्त किया। इसके अलावा नाई की थड़ी रोड पर ही सी.आई.एस.एफ. के सामने 4 बीघा कृषि भूमि में सरकारी जमीन शामिल करते हुए "माँ पुष्पा नगर" के नाम से रातोंरात कॉलोनी काट दी गई। यहां भी सभी निर्माणों को जेसीबी की मदद से ध्वस्त किया।

इसके अलावा पृथ्वीराज नगर दक्षिण क्षेत्राधिकार स्थित शिव वाटिका के भूखण्ड संख्या-30 में मुख्य रोड पर बनाई गई अवैध बालकॉनी को भी ध्वस्त किया गया। वहीं दूसरी तरफ लालकोठी अण्डरपास के पास सड़क पर लगाए गए अवैध थड़ी-ठेलों को हटवाया गया।

## 'व्यक्ति को महान बनाती है परमात्मा का भावना'

**जयपुर**, (कासं)। टोंक रोड, बीलवा, मानपुर नांगल्या स्थित श्रीराधासरल बिहारी मंदिर में चल रहे श्रीमद भागवत कथा ज्ञानयज्ञ पांचवें दिन बुधवार को भागवत कथा में आचार्य गोस्वामी मृदुल कृष्ण ने कहा कि जहां स्वार्थ समाप्त होता है मानवता वहीं से प्रारम्भ होती है। मानव योनि में जन्म लेने मात्र से जीव को मानवता प्राप्त नहीं होती। यदि मनुष्य योनि में जन्म लेने के बाद भी उसमें स्वार्थ की भावना भरी हुई है, तो वह मानव होते हुए भी राक्षसी वृत्ति की पायदान पर खड़ा रहता है। यदि व्यक्ति स्वार्थ की भावना को त्याग कर हमेशा परमार्थ भाव से जीवन यापन करे तो निश्चित रूप से वह एक अच्छा इन्सान है, यानी सुदृढ मानवता की श्रेणी में खड़ा होकर पर सेवा कार्य में रत है। क्योंकि परमार्थ की भावना ही व्यक्ति को महान बनाती है।

## श्रीजी की भागवत कथा 16 से

**जयपुर** । किशनगढ़ स्थित श्री निंबार्क पीठ के पीठाधीश्वर अनंत श्री विभूषित जगतगुरु निंबार्काचार्य श्रीजी महाराज श्याम शरण देवाचार्य जयपुर में पहली बार श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन श्री गोविंद देव जी के मंदिर स्थित सत्संग भवन में 16 दिसंबर से 22 दिसंबर तक होगा। इसी के साथ अष्टोत्तर शत भागवत पाठ का आयोजन भी होगा। बुधवार को कथा के पोस्टर का विमोचन किया गया। कथा आयोजक ब्रजकिशोर 'बिरजू' गोयल ने बताया कि कथा पूर्व कलश यात्रा 16 को मंदिर श्री आनंद कृष्ण बिहारी चांदनी चौक से दोपहर 12:30 बजे कथा स्थल श्री गोविंद देव जी के मंदिर के लिए प्रस्थान करेगी।

## मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह को लेकर शहर में रहेगी विशेष यातायात व्यवस्था

**जयपुर** (कासं)। भाजपा के मनोनीत मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा 15 दिसम्बर को अल्बर्ट हॉल के सामने आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री पद की शपथ ग्रहण करेंगे। इस कार्यक्रम कई केन्द्रीय मंत्री, सांसद, विधायक और नेताओं सहित अन्य लोग शामिल होंगे। इसे देखते हुए यातायात की विशेष व्यवस्था की गई है।

शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियों के मध्यनजर गुरूवार सुबह सात बजे से शुक्रवार को दोपहर तीन बजे तक रामनिवास बाग के अन्दर संचालित होने वाला सामान्य यातायात बंद रहेगा। जयपुर शहर के यातायात के सुगम एवं सुव्यवस्थित संचालन के लिए यातायात की विशेष व्यवस्था की गई है। इसके तहत त्रिमूर्ति सर्किल जे.एल.एन मार्ग की तरफ से आने वाले सामान्य यातायात को आरोग्य पथ तिराहा से सूचना केन्द्र की तरफ डायवर्ट कर संचालित किया जायेगा। सूचना केन्द्र तिराहा से आरोग्य पथ तिराहा की तरफ जाने वाले सामान्य यातायात को सूचना केन्द्र से सीधा टोंक रोड़ पर संचालित किया जायेगा। रामनिवास बाग गेट एम.जी.डी. की तरफ से किसी भी प्रकार का सामान्य यातायात घोड़ा सर्किल रामनिवास बाग की तरफ नही जा सकेगा।

न्यू गेट, एम.आई रोड, सांगानेरी गेट से आकर रामनिवास बाग में जाने वाले सामान्य यातायात को रामनिवास बाग चौराहा से डायवर्ट कर एम.आई. रोड़ से संचालित किया जायेगा। एम.डी. रोड से म्यूजियम रोड होकर रामनिवास बाग के अन्दर सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश निषेध रहेगा।

सांगानेरी गेट की तरफ से रवीन्द्र रंगमंच की ओर आने वाले सामान्य यातायात को नहीं आने दिया जायेगा। अति आवश्यक सेवाओं के वाहनों का आवागमन निर्बाध रहेगा एवं एस.एम.एस. अस्पताल में दिखाने हेतु मरीज एवं उनके परिजन आ जा सकेंगे।

कार्यक्रम में आने वाले वाहनों की पार्किंग महाराजा व महारानी कॉलेज ग्राउण्ड पार्किंग, गोखले हॉस्टल ग्राउण्ड पार्किंग में होगी। आमजन के वाहन रामनिवास बाग के अन्दर जे.डी.ए. की भूमिगत पार्किंग और रामनिवास बाग स्थित फुटबॉल ग्राउंड, रविन्द्र मंच के सामने तथा उद्योग मैदान में खड़े हो सकेंगे।

इसके अलावा 15 दिसंबर को रोडवेज व निजी बसों का संचालन भी सुबह 7 बजे से बदलाव किया गया है। आगरा रोड पर संचालित होने वाली रोडवेज एवं प्राईवेट बसे सिन्धी कैम्प से वनस्थली मार्ग चौराहा, गौ0 हॉस्टल चौराहा, एम.ई.एस. तिराहा, अजमेर रोड से सोडाला चौराहा, 200 फुट चौराहा, बदरवास तिराहा, किसान धर्म कान्टा, न्यू सांगानेर रोड, प्रधान वाटिका, बी-2 बाईपास, बी-2 बाईपास चौराहा, जवाहर सर्किल, नंदपुरी तिराहा, हनुमान तिराहा, जगतपुरा पुलिया के नीचे से सी.बी.आई. फाटक, खो-नागोरियान रोड़, गोनेर तिराहा से आगरा रोड़ आ व जा सकेगी।

दिल्ली रोड पर संचालित होने वाली रोडवेज व प्राइवेट बसे दिल्ली रोड के लिए सिन्धी कैम्प, झोटवाड़ा रोड, सीकर रोड, रोड नं. 14 से एक्सप्रेस हाई-वे, चंदवाजी से दिल्ली रोड़ पर आ व जा सकेगी।

अजमेर रोड पर संचालित होने वाली वनस्थली मार्ग चौराहा, गर्वमेंट हॉस्टल सोडाला चौराहा, 200 फुट चौराहा से रोडवेज एवं प्राईवेट बसे सिन्धी कैम्प से चौराहा, एम.ई.एस. तिराहा, अजमेर रोड से अजमेर रोड़ पर आ व जा सकेगी।

टोक रोड पर संचालित होने वाली रोड़वेज एवं प्राईवेट बसे सिन्धी कैम्प से वनस्थली मार्ग चौराहा, गौ. हॉस्टल चौराहा, एम.ई.एस. तिराहा, अजमेर रोड से सोडाला चौराहा, 200 फुट चौराहा, बदरवास तिराहा, किसान धर्म कान्टा, न्यू सांगानेर रोड़, प्रधान वाटिका, बी-2 बाईपास, बी-2 बाईपास चौराहा से टोंक रोड पर आ व जा सकेगी।

आम नागरिकों की सुविधा के लिए यातायात हैल्प लाईन 1095, 2565630, 2561256 एवं व्हाट्सएप हैल्प डेस्क नम्बर 8764866972 संचालित रहेगी।

**अल्बर्ट हॉल पर आयोजित कार्यक्रम हेतु प्रस्तावित यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था**

